## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित कार्यक्रम में बोले उच्च शिक्षा मंत्री

# 'UP में जल्द सात नई प्राइवेट यूनिवर्सिटी'




उन्नाव में चंडीगढ़ विवि के खुलने वाले नए कैंपस के प्रॉसपेक्टस का अनावरण किया गया।

**NBT रिपोर्ट, लखनऊः** प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा जन जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है। सरकारी विवि के साथ ही पिछले ढाई सालों में प्रदेश में 17 निजी विवि खुल चुके हैं। सात विश्वविद्यालय अब भी पाइपलाइन में हैं जो जल्द ही खुलेंगे। प्राइवेट विवि के प्रदेश में आने से शिक्षा की गुणवत्ता में भी बदलाव आया है। लगातार नैक ग्रेडिंग में विश्वविद्यालय टॉप ग्रेड ला रहे हैं। यह बात प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कही। वह पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स में सोमवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्नाव में चंडीगढ़ विवि के खुलने वाले नए कैंपस के प्रॉसपेक्टस का अनावरण किया गया।

### AI आधारित होगा कैंपस

मौके पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने बताया कि यह पहली यूनिवर्सिटी है जिसका कैंपस पूरी तरह आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस पर आधारित होगी। यहां जो पाठ्यक्रम संचालित होंगे वह भी एआई बेस्ड होंगे। इससे भविष्य के लिए छात्रों को इंडस्ट्री की डिमांड के मुताबिक तैयार किया जा सकेगा।